# 23


# SSC GD 2024

## DATE : 26-02-2024

## (SHIFT- 5:00 pm to 6:00 pm)

**PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति**

**1.** निम्नलिखित प्रश्न में दी गई आकृतियों के अनुसार कागज के एक टुकड़े को मोड़कर उसमें छेद किया जाता है। विकल्पों में दी गई आकृतियों में से बताइए कि खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**2.** आठ व्यक्ति रीना, कविता, रमन, उमेश, रोहित, विकास, मोनिका और प्रिया, एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं कि दो व्यक्ति प्रत्येक भुजा पर बैठे हैं। सभी व्यक्ति मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। रीना, रोहित के ठीक दाईं ओर बैठी है और वे दोनों एक ही तरफ बैठे हैं। मोनिका का मुख उस व्यक्ति की ओर है जो कविता के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा/बैठी है। मोनिका, रीना के दाईं ओर से चौथे स्थान पर बैठी है। विकास ओर उमेश के बीच दो व्यक्ति बेठे हैं (जब केवल एक तरफ से गिना जाता है) और उमेश रोहित के आसन्न बैठा है। मोनिका और रमन के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है (जो केवल एक तरफ से गिना जाता है)। उमेश के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा/बैठी है

(1) मोनिका (2) रमन
(3) विकास (4) रीना

**3.** यदि 'K × L' का अर्थ है 'K, L का बेटा है'। यदि 'K + L' का अर्थ है 'K, L की बेटी है'। यदि 'K ÷ L' का अर्थ है 'K, L की बहन है'। यदि 'K – L' का अर्थ है 'K, L की पत्नी है'। व्यंजक 'M ÷ N × O – P' में P का M से क्या संबंध है?


(1) पति (2) बेटा
(3) पिता (4) भाई


**4.** दिए गए विकल्पों में से किन दो चिह्नों को आपस में बदलने पर निम्नलिखित समीकरण सही होगा?


18 × 3 + 15 ÷ 4 – 44 = 22

(1) × और ÷
(2) × और –
(3) + और ÷
(4) × और +

**5.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे दी गई आकृति श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

21, 15, 9, 3, – 3, ?

(1) 9 (2) 6
(3) –6 (4) –9

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

176, 188, 200, 212, ?, 236

(1) 224 (2) 232
(3) 242 (4) 210

**8.** नीचे एक श्रृंखला दी गई है जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो श्रृंखला को पूरा करेगा।

AQM, CSO, EUQ, GWS, ?


(1) JWU (2) JKU
(3) IYU (4) IWV


**9.** निम्नलिखित प्रश्न में, तीन कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो, निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षो में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।



कथन I: सभी सरीसृप, उभयचर है।
कथन II: कुछ उभयचर, मेंढक हैं।
कथन III: कुछ मेंढक, कछुए हैं।
निष्कर्ष I: कुछ उभयचर, सरीसृप नहीं है।
निष्कर्ष II: कुछ कछुए, उभयचर हैं।

(1) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(3) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(4) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

**10.** निम्नलिखित प्रश्न में दी गई आकृतियों के अनुसार कागज के एक टुकड़े को मोड़कर उसमें छेद किया जाता है। विकल्पों में दी गई आकृतियों में से बताइए कि खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?



(1)  (2) 

(3)  (4) 


**11.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षर-युग्म का चयन कीजिए।

BO : DR :: ?

(1) FS : HV (2) CZ : UX
(3) AI : DV (4) OT : OJ

**12.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**13.** निम्नलिखित में से अक्षरों का कौन-सा एक समूह क्रमिक रूप से रिक्त स्थानों में रखे जाने पर नीचे दी गई अक्षर श्रृंखला को पूरा करेगा?

pq _ s _ _ rsp _ rspq


(1) rprr (2) rpqq
(3) rrpq (4) pqrp

**14.** दिए गए विकल्पों में से किन दो संख्याओं को आपस में बदलने पर निम्नलिखित समीकरण सही होगा?

18 × 3 – 2 ÷ 4 + 7 = 59

(1) 7 और 3 (2) 18 और 4
(3) 3 और 2 (4) 2 और 4

**15.** यदि एक दर्पण को रेखा AB पर रखा जाए, तो विकल्प आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिंब होगी?




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**16.** छ: व्यक्ति R, S, T, U, V और W एक वृताकार मेज पर बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं। V, T के ठीक बाईं ओर बैठा है। T और R के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। R, V के बगल में नहीं बैठा है। R और U के बीच में केवल S बैठा है। R के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है

(1) U (2) V (3) S (4) W

**17.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'JUMPS' को '72196' लिखा जाता है, 'MASKS' को '16315' लिखा जाता है, और 'PUTE' को '2849' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'K' को कैसे लिखा जाएगा।

(1) 4 (2) 3 (3) 1 (4) 6

**18.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'STOP' को 'VXRT' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'WALK' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) ZEPP (2) ZFOO
(3) ZEOO (4) ZEOP

**19.** दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

1. CELEBRATE
2. CELESTIAL
3. CELLO
4. CELEBRITY
5. CELLULOID

(1) 1, 2, 3, 4, 5
(2) 1, 4, 2, 3, 5
(3) 1, 4, 5, 2, 3
(4) 1, 4, 3, 2, 5

**20.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

बाघ : शावक :: हाथी : ?

(1) पिल्ला (2) हस्ति शावक
(3) बछेड़ा (4) मेमना

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** बस्तर दशहरा उत्सव का संबंध किस राज्य से है?

(1) छत्तीसगढ़
(2) पश्चिम बंगाल
(3) पंजाब
(4) उत्तर प्रदेश

**22.** जेम्स ऑगस्टस हिक्की (James Augustus Hickey) को ____का जनक भी माना जाता है।

(1) भारतीय पत्रकारिता
(2) फोटोग्राफी
(3) भारतीय टेलीविजन
(4) भारतीय मीडिया

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश भारत के साथ सबसे लंबी भूमि सीमा साझा करता है?

(1) बांग्लादेश (2) पाकिस्तान
(3) चीन (4) नेपाल

**24.** सक्सेना समिति की सिफारिशों के आधार पर वर्ष में, भारत सरकार के तहत ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना (Socio-Economic and Caste Census-SECC) शुरू की।

(1) 2009 (2) 2005
(3) 2014 (4) 2011

**25.** राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक, 2023 में ____मंत्रालय द्वारा पेश किया गया।

(1) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
(2) वित्त
(3) वाणिज्य एवं उद्योग
(4) सामाजिक न्याय और अधिकारित

**26.** भारत में लोहे की उत्पत्ति पर कितने प्रमुख सिद्धांत स्थापित किए गए (established) हैं?

(1) पांच (2) चार
(3) तीन (4) दो

**27.** 2023 तक अनुच्छेद 51 A में अंतिम मौलिक कर्तव्य कब जोड़ा गया था

(1) 2022 (2) 2012
(3) 2000 (4) 2002

**28.** निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य 'आत्मनिर्भर एवं स्व-उत्पादक अर्थव्यवस्था की स्थापना' है?

(1) छठी (2) पहली
(3) तीसरी (4) पांचवी

**29.** _____1980 में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप (All England Badminton Championships) जीतने वाले पहले भारतीय थे।

(1) ध्यानचंद (2) सचिन तेंदुलकर
(3) किरण बेदी (4) प्रकाश पादुकोण

**30.** भरतनाट्यम नृत्य में शरीर की चाल की तकनीक और व्याकरण के अध्ययन के लिए पाठ्य सामग्री का मुख्य स्रोत निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(1) नृत्यसौरभ (2) संगीत नाटक
(3) अभिनय दर्पण (4) नाट्य योग

**31.** राज्य सभा का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु कितनी है

(1) 35 (2) 40
(3) 25 (4) 30

**32.** धुलाई के लिए (विशेष रूप से वस्त्र) उपयोग किया जाने वाला वाशिंग सोडा, सोडियम कार्बोनेट डेकाहाइड्रेट, एफ्लोरेसेंट (efflorescent) क्रिस्टल का एक यौगिक है।

(1) हाइड्रोजन (2) सोडियम
(3) ऑक्सीजन (4) कार्बन

**33.** जुलाई 2023 में कोरिया गणराज्य के बुसान में डोंग-यूई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से ओकडांग कल्चरल सेंटर (Dong&Eui Institute of Technology Seokdang Cultural Center) में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में भारत ने को हराया।

(1) अफगानिस्तान (2) पाकिस्तान
(3) चीन (4) ईरान

**34.** 1971 में प्रथम पुरुष हॉकी विश्व कप की विजेता हॉकी टीम कौन-सी थी?
(1) स्पेन (2) इंग्लैंड
(3) पाकिस्तान (4) भारत

**35.** 1964 में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (Industrial Development Bank of India) की स्थापना निम्नलिखित में से किस उद्देश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था?
(1) भारी उद्योगों को बढ़ावा देना
(2) लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करना
(3) कृषि सहकारी समितियों का समर्थन करना
(4) आवास ऋण उपलब्ध कराना

**36.** फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 का ताज किसे पहनाया गया है?
(1) शिखा शर्मा
(2) जरीन दारूवाला
(3) नंदिनी गुप्ता
(4) थौनाओजम स्ट्रेला लुवांग

**37.** फसल कटाई उत्सव, लोहड़ी निम्नलिखित में से किस महीने में मनाया जाता है?
(1) मार्च (2) अक्टूबर
(3) दिसंबर (4) जनवरी

**38.** निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) की गणना करते समय, सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) में से क्या घटाया जाता है?
(1) सहायिकी (Subsidies)
(2) ह्रास (Depreciation)
(3) वैयक्तिक आय (Personal income)
(4) अप्रत्यक्ष कर (Indirect taxes)

**39.** निम्नलिखित में से कौन संगीत वाद्ययंत्र शहनाई वादन के लिए प्रसिद्ध है?
(1) राजरतनम पिल्लई
(2) अली अहमद हुसैन
(3) हरि प्रसाद चौरसिया
(4) एन. रमान

**40.** भारतीय खिलाड़ी विकास कृष्ण यादव द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा खेल खेला जाता है?
(1) टेनिस (2) हॉकी
(3) बैडमिंटन (4) बॉक्सिंग

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** $14 \times 8 + 42 \times 9 - 111 \div 3$ का मान कितना है?
(1) 453 (2) 463
(3) 443 (4) 433

**42.** एक मोबाइल पर अर्जित लाभ उसके क्रय मूल्य का 250 प्रतिशत है। यदि क्रय मूल्य में 50 प्रतिशत की वृद्धि कर दी जाती है, लेकिन विक्रय मूल्य अपरिवर्तित रहता है, तो नया लाभ प्रतिशत कितना है?
(1) 150 प्रतिशत
(2) 100 प्रतिशत
(3) 133. 33 प्रतिशत
(4) 120 प्रतिशत

**43.** यदि एक शर्ट का विक्रय मूल्य उसके क्रय मूल्य का 35 प्रतिशत है, तो हानि प्रतिशत क्या है?
(1) 55 प्रतिशत (2) 60 प्रतिशत
(3) 65 प्रतिशत (4) 70 प्रतिशत

**44.** E, F और G मिलकर एक काम को 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। E और F मिलकर उसी काम को 50 दिनों में पूरा कर सकते हैं। G अकेले उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?
(1) 35 दिन (2) 110/3 दिन
(3) 100/3 दिन (4) 32 दिन

**45.** 2 वर्ष के लिए 24000 रुपए पर प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज (अर्द्धवार्षिक रूप से संयोजित) 25766.4 रुपए है। वार्षिक ब्याज दर कितनी है?
(1) 60 प्रतिशत
(2) 20 प्रतिशत
(3) 40 प्रतिशत
(4) 55 प्रतिशत

**46.** एक आयताकार मेज के शीर्ष का परिमाप 70 मीटर है और इसका क्षेत्रफल 300 मीटर$^2$ है। इसके विकर्ण की लंबाई कितनी है?
(1) 15 मीटर (2) 20 मीटर
(3) 35 मीटर (4) 25 मीटर

**47.** $15 - (2\times4) + 7$ का परिणाम ज्ञात कीजिए।
(1) 17 (2) –6
(3) 14 (4) –10

**48.** रेन्सन के पास 91 m, 112 m और 49 m, लंबाई के तीन लकड़ी के टुकड़े हैं। यदि वह लकड़ी को बराबर तख्तों में काटना चाहता है, तो प्रत्येक तख्ते की अधिकतम संभव लंबाई (m में) कितनी होगी?
(1) 7 (2) 3 (3) 21 (4) 19

**49.** एक मूलधन राशि 8% वार्षिक की दर पर साधारण ब्याज पर निवेश की जाती है। 2 वर्षों के बाद, अर्जित ब्याज $320 है। मूलधन राशि ज्ञात कीजिए।
(1) $2100 (2) $2000
(3) $2150 (4) $1800

**50.** 17 क्रमागत विषम संख्याएं हैं। यदि प्रथम 11 संख्याओं का औसत x है, तो अंतिम 6 संख्याओं का औसत क्या है?
(1) x + 12 (2) x + 13
(3) x + 15 (4) x + 17

**51.** A, B से तीन गुना तेज है और B, C से दोगुना तेज है। यदि कोई यात्रा C द्वारा 66 मिनट में तय की जाती है, तो A द्वारा लिया गया समय ज्ञात कीजिए।
(1) 10 मिनट (2) 14 मिनट
(3) 15 मिनट (4) 11 मिनट

**52.** यदि P : Q = 5 : 3 और Q : R = 2 : 5 है, तो Q : (P+R) का मान कितना है?
(1) 2 : 13 (2) 6 : 25
(3) 4 : 17 (4) 5 : 21

**53.** एक वस्तु का अंकित मूल्य क्रय मूल्य का 160 प्रतिशत है। यदि 35 प्रतिशत की छूट दी जाती है, तो लाभ प्रतिशत कितना होगा?
(1) 5 प्रतिशत (2) 4 प्रतिशत
(3) 4.5 प्रतिशत (4) 6 प्रतिशत

**54.** X अकेले एक काम को 20 दिनों में पूरा कर सकता है और Y अकेले उसी काम को 50 दिनों में पूरा कर सकता है। वे दोनों एक साथ मिलकर काम शुरू करते हैं लेकिन 5 दिनों के बाद X काम छोड़ देता है। शेष काम को पूरा करने में Y को कितना समय लगेगा?
(1) 35 दिन (2) 32.5 दिन
(3) 37 दिन (4) 36 दिन

**55.** एक शहर की वर्तमान जनसंख्या 91260 है। यह हर वर्ष 30 प्रतिशत की दर से बढ़ती है। 2 वर्ष पहले इस शहर की जनसंख्या कितनी थी?
(1) 65000 (2) 54000
(3) 70200 (4) 60000

**56.** एक वस्तु का अंकित मूल्य 1960 रुपए है। यदि उस वस्तु पर 30 प्रतिशत की छूट दी जाती है, तो वस्तु का विक्रय मूल्य कितना होगा?
(1) 1522 रुपए (2) 1442 रुपए
(3) 1342 रुपए (4) 1372 रुपए

**57.** यदि L, M से 3 गुना अधिक है, तो M, L से कितने प्रतिशत कम है?
(1) 81 प्रतिशत (2) 75 प्रतिशत
(3) 78 प्रतिशत (4) 72 प्रतिशत

**58.** दो संख्याएं 8 : 9 के अनुपात में हैं। यदि दोनों संख्याओं का योग 102 है, तो दोनों संख्याओं के बीच का अंतर कितना है?
(1) 6 (2) 9
(3) 17 (4) 8

59. सीता और गीता की औसत आयु 40 वर्ष है। यदि रीतू, सीता का स्थान लेती है, तो औसत आयु 38 वर्ष हो जाएगी और यदि रीतू, गीता का स्थान लेती है, तो औसत आयु 42 वर्ष हो जाएगी। सीता, गीता और रीतू की क्रमशः आयु क्या है?
(1) 36 वर्ष, 42 वर्ष और 38 वर्ष
(2) 44 वर्ष, 36 वर्ष और 40 वर्ष
(3) 39 वर्ष, 42 वर्ष और 45 वर्ष
(4) 42 वर्ष, 36 वर्ष और 38 वर्ष

60. $\frac{81}{13} \div \left(\frac{176}{16} - \frac{98}{49}\right) \times \frac{2197}{169}$ का मान कितना है?
(1) 9 (2) 117
(3) 81 (4) 13

## PART (D) : अंग्रेजी

61. Select the word segment that substitutes (replaces) the bracketed word segment correctly and completes the sentence meaningfully. Select the option 'no correction required' if the sentence is correct as given.
It was interesting to be in the (quite old town one more).
(1) No correction required
(2) quite vintage town once more
(3) quiet old town once more
(4) quiet old town once much more

62. Fill in the blank with the most appropriate option.
In the morning we were up at ____of day, and down to the nigger cabins to pet the dogs.
(1) breech (2) break
(3) breach (4) brake

63. Choose the most appropriate antonym of the underlined word.
Venus was the quiet one: <u>pensive</u> and observant of everything around her.
(1) Thoughtful
(2) Ignorant
(3) Reflective
(4) Pondering

64. Select the incorrectly spelt word from the given sentence.
A strong business acumen and entreprenurial fire have always separated him from his peers.
(1) acumen
(2) peers
(3) business
(4) entreprenurial

65. Select the most appropriate synonym of the given word.
Purview
(1) Domain
(2) Depth
(3) Extreme
(4) Limitation

66. Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose "No error".
My cousin's watch is more elegant than your old watch.
(1) more elegant than
(2) No error
(3) My cousin's watch is
(4) your old watch.

67. Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'. If acid drainage will reaches groundwater, it may persist for decades or centuries.
(1) No error
(2) If acid drainage will reaches
(3) for decades or centuries
(4) groundwater, it may persist

68. Select the most appropriate option for the given blank.
____a bite and tell me how it is.
(1) Take (2) Make
(3) Keep (4) Gain

69. Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'
The rabbit lead the boy towards the outskirts of the city.
(1) outskirts of the city.
(2) The rabbit lead the
(3) boy towards the
(4) No error

70. Select the most appropriate word to fill in the blank.
A large ___ of elderly people live alone.
(1) number (2) quantity
(3) value (4) capacity

71. Select the most appropriate meaning of the given idiom.
See eye to eye.
(1) To fight with someone.
(2) To speak aggressively.
(3) To be spontaneous.
(4) To share the same opinion as someone.

72. Improve the underlined part of the sentence. Choose "No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.
I <u>can make fresh</u> coffee if you'd like some.
(1) No improvement
(2) can made fresher
(3) should makes freshest
(4) can made freshest

73. Select the sentence with no spelling errors.
(1) Intangible cultural heritage cuts across political, historical, comunity and cultural spheres.
(2) Intangible cultural heritage cuts across political, historical, community and cultural spheres.
(3) Intangible cultural heritage cuts across political, historical, community and culturel spheres.
(4) Intangible cultural heritage cuts across polatical, historical, community and cultural spheres.

74. Fill in the blank with the most appropriate option.
He___pardon, and was getting into the carriage, but felt he must glance at her once more.
(1) asked (2) said
(3) adjured (4) begged

75. Select the most appropriate meaning of the given idiom.
Pull a fast one.
(1) To produce something that is needed.
(2) To adjust in a difficult situation.
(3) To help someone urgently.
(4) To deceive someone.

**Direction (Q.Nos. 76-80) :** Read the passage carefully and select the correct answer for the given blanks out of the four alternatives.

Lions are carnivores, which means they only (1)___ meat. They will eat almost any animal they can catch, however the most of the time it is buffalo, zebra, giraffe, warthog, and antelope species. If the (2) ___arises, they will also prey on the young of larger mammal species (3)___ as rhinos and elephants. The majority of the preys will weigh between 50 and

300kg. Male lions can eat approximately 7 kg of meat per day,(4)___females eat approximately 4.5 kg. Both are (5)___ of consuming up to 15% of their body weight in a single meal!

**76.** Select the most appropriate option for blank (1)
(1) consume (2) abduct
(3) churn (4) tolerate

**77.** Select the most appropriate option for blank (2)
(1) condition
(2) capacity
(3) opportunity
(4) state

**78.** Select the most appropriate option for blank (3)
(1) such (2) so
(3) like (4) that

**79.** Select the most appropriate option for blank (4)
(1) Yet (2) As
(3) While (4) Rather

**80.** Select the most appropriate option for blank (5)
(1) veteran
(2) capable
(3) trained
(4) susceptible

## PART (D) : हिन्दी

**61.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प है।
जो हमारी (नियति)____में होगा बही हमें मिलता है।
(1) प्रारब्ध (2) योषिता
(3) वनिता (4) निदा

**62.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।
अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता
(1) किसी भी चीज का नुकसान होना
(2) अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता
(3) किसी भी कार्य को स्वयं ही करना चाहिए
(4) सिर्फ चना नहीं खाना चाहिए

**63.** दिए गए विकलपों मे से तीन विकलप त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।
(1) उसने मेरा घर सुना और गाना देखा।
(2) उसने मेरा गाना देखा और घर देखा।
(3) उसने मेरा गाना सुना और घर देखा।
(4) उसने मेरा गाना और घर देखा।

**64.** दिए गए वाक्य में रेखांकित भाग के लिए उचित सार्थक शब्द का चयन कीजिए।
श्यामू <u>टाना</u> है।
(1) काटा (2) नाटक
(3) टाका (4) नाटा

**65.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
शाही-विवाह के कार्यक्रम में बहुत से लोग (गोत्र)___जाने बिना आगे का कार्यक्रम नहीं करते हैं।
(1) गोत (2) गृह
(3) गौ (4) गर्दभ

**66.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।
काव्य के क्षेत्र में <u>अनेकों वाद चल चुके हैं।</u>
(1) काव्य के क्षेत्र में अनेक वाद चल चुके हैं।
(2) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
(3) काव्य के क्षेत्र में अनेके वाद चल चुके हैं।
(4) काव्य के क्षेत्र में अनेकी वाद चल चुका है।

**67.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
श्यामा <u>दफ्तर</u> के लिए निकल गई।
(1) द्फ्तर (2) द्फ़तर
(3) दफ्तर (4) दफ़त्तर

**68.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही स्त्रीलिंग रूप वाला विकल्प हो।
तुम्हारे ठीक न होने की .......... मुझे बहुत देरी से मिली।
(1) अवस्था (2) स्वास्थ्य
(3) कहानी (4) खबर

**69.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
नदी <u>कलकल</u> करती हुई बहती है।
(1) सामान्य (2) ढ़ीला
(3) शिष्ट (4) शांत

**70.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
गप्पें लड़ाना
(1) बड़ी-बड़ी बातें बनाना
(2) बेकार की बातें करना
(3) परेशान करना
(4) अत्यंत प्रिय होना

**71.** दिए गए वाक्य में उचित पर्यायवाची शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
दुख के वक्त में उसे____(दिलासा) दो।
(1) सांत्वना
(2) निचोड़
(3) मनभावना
(4) परिमंल

**72.** दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।
(1) मैं आयकर वीभाग में काम करती हूँ।
(2) इन्हें यह सूचना दो घंटे बाद मिलि।
(3) आवश्यक चीजों पर ही ध्यान दीजिए।
(4) बूरे समय को जाते देर नहीं लगती।

**73.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
<u>शिष्य</u> का दर्जा सर्वोपरि होता है।
(1) बालक (2) गुरू
(3) बालिका (4) गृहमंत्र

**74.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
कातिल का अपराध <u>माफ़ करने योग्य नहीं</u> है।
(1) अक्षम्य (2) अदम्य
(3) क्षम्य (4) अनैतिक

**75.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गये मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प हो।
चेहरे पर हवाइयां उड़ना -
(1) घबरा जाना
(2) खुशामद करना
(3) चालाकी करना
(4) भाग जाना

**निर्देश ( प्र.सं. 76-80 ) :** नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं ओर प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा-

फसलों का (1)____अच्छा हो, यह प्रयास फसलों की (2)____के चयन पर निर्भर करता है। किसानों को अच्छी (3)____वाले विशेष बीज उपलब्ध होने चाहिए (4)____बीज उसी किस्म के होने चाहिए जो (5)____परिस्थिति में अंकुरित हो सकें।

**76.** रिक्त 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) गुणगान (2) कीमत
(3) परिवर्तन (4) उत्पादन

**77.** रिक्त 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) किस्मों (2) उच्च
(3) जलवायु (4) विज्ञान

**78.** रिक्त 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) सुधार
(2) गुणवत्ता
(3) विशेषकर
(4) महत्वपूर्ण

**79.** रिक्त 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) या
(2) अर्थात
(3) केवल
(4) उल्टा

**80.** रिक्त 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) अनुकूल
(2) शताब्दी
(3) वार्षिक
(4) प्रतिवर्ष

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (3) | 2. (1) | 3. (3) | 4. (1) | 5. (2) | 6. (4) | 7. (1) | 8. (3) | 9. (4) | 10. (3) |
| 11. (1) | 12. (1) | 13. (2) | 14. (4) | 15. (3) | 16. (4) | 17. (2) | 18. (3) | 19. (2) | 20. (2) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (1) | 22. (1) | 23. (1) | 24. (4) | 25. (4) | 26. (4) | 27. (4) | 28. (3) | 29. (4) | 30. (3) |
| 31. (4) | 32. (2) | 33. (4) | 34. (3) | 35. (1) | 36. (3) | 37. (4) | 38. (2) | 39. (2) | 40. (4) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (1) | 42. (3) | 43. (3) | 44. (3) | 45. (3) | 46. (4) | 47. (3) | 48. (1) | 49. (2) | 50. (4) |
| 51. (4) | 52. (2) | 53. (2) | 54. (2) | 55. (2) | 56. (4) | 57. (2) | 58. (1) | 59. (2) | 60. (1) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (3) | 62. (2) | 63. (2) | 64. (4) | 65. (1) | 66. (2) | 67. (2) | 68. (1) | 69. (2) | 70. (1) |
| 71. (4) | 72. (1) | 73. (2) | 74. (4) | 75. (4) | 76. (1) | 77. (3) | 78. (1) | 79. (3) | 80. (2) |

### PART (D) : हिन्दी


| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (1) | 62. (2) | 63. (3) | 64. (4) | 65. (1) | 66. (1) | 67. (3) | 68. (4) | 69. (4) | 70. (2) |
| 71. (1) | 72. (3) | 73. (2) | 74. (1) | 75. (1) | 76. (4) | 77. (1) | 78. (2) | 79. (2) | 80. (1) |

## उत्तर सहित व्याख्या

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1. (3)**

**2. (1)**




उमेश के बायीं ओर से दूसरे स्थान पर मोनिका बैठी है।

**3. (3)**

$O^- \Leftrightarrow P^+$
|
$M^- — N^+$


**4. (1)** $18 \div 3 + 15 \times 4 - 44 = 22$ (✓)

**6. (4)** 21, 15, 9, 3, –3, –9
–6 –6 –6 –6 –6

**7. (1)** 176, 188, 200, 212, 224, 236
+12 +12 +12 +12 +12

**8. (3)** AQM, CSO, EUQ, GWS, IYU
+2 +2 +2 +2
+2 +2 +2 +2

**9. (4)**




**10. (3)**

**11. (1)**
BO : DR :: FS : HV
+3 +3
+2 +2


**12. (1)**

**13. (2)** pqrspqrspqrspq

**14. (4)** $18 \times 3 - 4 \div 2 + 7$
$= 59$ (✓)

**15. (3)**

**16. (4)**




**17. (2)** J U M P Ⓢ = 7 2 ① 9 6
M A Ⓢ K Ⓢ = ① 6 3 ① 5
P U T E = 2 8 4 9
K = 3

**18. (3)** S T O P
+3 +4 +3 +4
V X R T
इसी प्रकार
W A L K
+3 +4 +3 +4
Z E O O

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21. (1)**

| राज्य | - | उत्सव |
|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ | - | बस्तर दशहरा |
| पश्चिम बंगाल | - | दुर्गा/काली पूजा |
| पंजाब | - | लाहिड़ी |
| उत्तर प्रदेश | - | कुंभ/महाकुंभ |

**22. (1)**

| जनक | - | नाम |
|---|---|---|
| भारतीय पत्रकारिता | - | जेम्स ऑगस्टस हिक्की |
| फोटोग्राफी | - | राजा रवि वर्मा |
| भारतीय टेलीविजन | - | डॉ के. एल. सैनी |

**23. (1)** भारतीय मीडिया – डॉ प्रसार भारती

**25. (4)** राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग–2023

का उद्देश्य भारत में दंत शिक्षा और प्रथा का नियमित करना है। जैसे- दंत शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करना, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना और नियामक

**27. (4)** भारतीय संविधान में 86वें संविधान संशोधन के तहत 2002 में 11वें मौलिक कर्त्तव्य के रूप में 6-14 वर्ष के बच्चों की शिक्षा के अवसर प्रदान करता है।

**28. (3)**

| | |
|---|---|
| 6th पंचवर्षीय योजना – | आर्थिक उदारीकरण, गरीबी उन्मूलन रोजगार सृजन प्रौद्योगिकी, आत्मनिर्भरता |
| 1st पंचवर्षीय योजना – | कृषि, सिचांई, ऊर्जा और परिवहन |
| 3rd पंचवर्षीय योजना – | विदेशी मुद्रा और रक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान |
| 5th पंचवर्षीय योजना – | गरीब उन्मूलन |

**29. (4)**

| | |
|---|---|
| ध्यानचन्द | - हॉकी |
| सचिन तेन्दूलकर | - क्रिकेट |
| किरण बेदी | - प्रथम आई.पी.एस |
| प्रकाश पादुकोण | - बैडमिंटन |

**30. (3)** भरतनाट्यम एक शास्त्रीय नृत्यशैली है, जो तमिलनाडु में उत्पन्न हुई है। इसमें विभिन्न मुद्राएँ और चेहरे के हाव-भाव के माध्यम से कहानी कहने वाले तत्व शामिल है। यह महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है जिसमें भक्ति, पौराणिक कथाएँ और अध्यात्मिकता के विषयों को दर्शाया गया है।

**31. (4)** **35 वर्ष** न्यूनतम आयु राष्ट्रपति के लिए चाहिए, **25 वर्ष** विधानसभा सदस्यों की आयु होनी चाहिए और **30 वर्ष** राज्य सभा सदस्यों की होनी चाहिए।

**34. (3)** हॉकी विश्व कप विजेता देश-

| **देश** | | **वर्ष** |
|---|---|---|
| भारत | - | 1975 |
| पाकिस्तान | - | 1971 |
| स्पेन | - | 1998 |
| इग्लैण्ड | - | 1983 |

**35. (1)** औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना 1964 में भारतीय उद्योगों की सहायता हेतु की गई है। प्रमुख विशेषताएँ-विकासात्मक भूमिका, वित्तीय सेवाएँ एवं सरकारी पहलों का समर्थन।

**36. (3)** शिखा शर्मा - पूर्व एमडी - एक्सिस बैंक
जरीन दारूवाला - क्लस्टर सीईओ
नन्दिनी गुप्ता - मिस इंडिया वर्ल्ड - 2023
व्यौना ओजाम स्टेला बुबांग - मिस इंडिया रनर-अप (दूसरी)

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41. (1)** $14 \times 8 + 42 \times 9 - 111 \div 3$
$\Rightarrow 112 + 378 - 37$
$\Rightarrow 453$

**42. (3)** माना क्रयमुल्य = 100

लाभ $= 100 \times \frac{250}{100} = 250$

नया क्रयमुल्य = 150
विक्रय मुल्य = 250 + 100 = 350
नया लाभ प्रतिशत

$= \frac{200}{150} \times 100 = 133{\cdot}33\%$

**43. (3)** माना क्रयमुल्य = 100

विक्रय मुल्य $= 100 \times \frac{35}{100} = 35$

हानि प्रतिशत $= \frac{65}{100} \times 100 = 65\%$

**44. (3)**

E+F+G — 20 ⟩ 5
E+F — 50 ⟩ 2
→ 100 (कुल कार्य)

G की कार्यक्षमता = 5 – 2 = 3 इकाई

G अकेले काम को करेगा $= \frac{100}{3}$ दिन

**45. (3)** प्रश्नानुसार,

$A = P\left(1 + \frac{R}{n100}\right)^{nt}$

$\Rightarrow 25766.4 + 2400$

$= 24000\left(1 + \frac{R}{2 \times 100}\right)^{2 \times 2}$

$\Rightarrow \frac{49766.4}{24000} = \frac{(200+R)^4}{(200)^4}$

$\Rightarrow 200 + R = 240$
$\Rightarrow R = 40\%$

**46. (4)** आयत का परिमाप = 2 (a+b)
2 (a+b) = 70
a + b = 35
आयत का क्षेत्रफल = ab
ab = 300 मी.$^2$

आयत का विकर्ण $= \sqrt{a^2 + b^2}$

प्रश्नानुसार
$(a+b)^2 = a^2 + b^2 + 2ab$
$(35)^2 = a^2 + b^2 + 2 \times 300$
$a^2 + b^2 = 625$
$\sqrt{a^2 + b^2} = 25$ मी.

**47. (3)** $15 - (2 \times 4) + 7$
$= 15 - 8 + 7$
$= 14$

**48. (1)** 91m, 112m, 49m का HCF लेने पर
$13 \times 7, 16 \times 7, 7 \times 7$
= 7 (HCF)

**49. (2)** सा. ब्याज $= \frac{\text{मुलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$

$320 = \frac{\text{मूलधन} \times 8 \times 2}{100}$

मुलधन = 2000

**50. (4)** प्रश्नानुसार
मान ले संख्या है a, a+2, a+4, …a+32.
प्रथम 11 का औसत =

$\frac{a + a + 2 + a + 4 + \ldots + a + 20}{11}$

$= \frac{11a + 10}{11} = a + 10$

$\Rightarrow x = a + 10$
अंतिम 6 का औसत =

$\frac{a + 22 + a + 24 + \ldots a + 32}{6}$

$= \frac{6a + 162}{6}$

$= a + 27 \Rightarrow a + 10 + 17$
$\Rightarrow x + 17$

**51. (4)** प्रश्नानुसार
A : B : C
चाल – 6 : 2 : 1

समय – $\left(\frac{1}{6} : \frac{1}{2} : 1\right) \times 6$

1 : 3 : 6
– ×11 ×11 ×11
11 33 66

**52. (2)**

$P:Q — 5:3$
$Q:R — 2:5$
$P:Q:R — 10:6:15$

अब,
Q : (P+R) = 6 : 25

**53. (2)** माना क्रयमुल्य = 100
अंकित मुल्य = 160

35 % छुर के बाद $= \frac{160 \times 65}{100} = 104$

लाभ प्रतिशत = 4%

**54. (2)** प्रश्नानुसार

x — 20 ⟩ 5
y — 50 ⟩ 2
→ 100 (कुल कार्य)

x और y द्वारा 5 दिनों में किया गया कार्य
= 5 × 7 = 35 इकाई
शेष बचा कार्य = 100 – 35 = 65 इकाई

शेष काम y द्वारा किया जाएगा

$= \frac{65}{2} = 32\cdot5$ दिन

**55. (2)** माना पहले जनसंख्या = x

प्रश्नानुसार

$x \times \frac{130}{100} \times \frac{130}{100} = 91260$

x = 54000

**56. (4)** प्रश्नानुसार

विक्रय मुल्य = $1960 \times \frac{70}{100}$

= 1372

**57. (2)** L : M

4 : 1

प्रश्नानुसार

$\frac{3}{4} \times 100 = 75\%$

**58. (1)** प्रश्नानुसार

8x + 9x = 102

x = 6

अब

8x ~ 9x = x

तो x = 6

**59. (2)** सीता + गीता = 40 × 2 = 80

रीतू + गीता = 38 × 2 = 76

रीतू + सीता = 42 × 2 = 84

सीता + गीता + रीतू

$= \frac{80+76+84}{2} = 120$

रीतू = 120 – 80 = 40 वर्ष

गीता = 76 – 40 = 36 वर्ष

सीता = 80 – 36 = 44 वर्ष

**60. (1)** $\frac{81}{13} \div \left(\frac{176}{16} - \frac{98}{49}\right) \times \frac{2197}{169}$

$\Rightarrow \frac{81}{13} \div (11 - 2) \times 13$

$\Rightarrow \frac{81}{13} \div 9 \times 13$

$\Rightarrow \frac{9}{13} \times 13 = 9$

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.(3)** **quiet old town once more**.

**Quiet ( शांत )** refers to a place that is calm or silent, makes more sense in this context because it refers to the town being peaceful or calm.

**Old town** (पुराना शहर) refers to the age of the town.

**Once more** (फिर से) means "again

**62.(2)** **Break of day** is a common expression that means **dawn** (सुबह की शुरुआत), refer to the first light in the morning.

**Breech** (पिछला हिस्सा) refers to the part of a firearm behind the barrel or the back part of something,

**Breach** (उल्लंघन) means a violation or breaking of a law or agreement

**63.(2)**

- **Pensive**(चिंतामग्न) means being deeply thoughtful or engaged in serious reflection.

While, **Ignorant** (अज्ञानी)means lacking knowledge or awareness

**Thoughtful** (विचारशील) means considering things carefully

**Reflective** (चिंतनशील) means thinking deeply about something

**Pondering** (सोच-विचार करना) means thinking carefully or deeply about something

**64.(4)** Correct spelling is **Entrepreneurial** (उद्यमशील) refers to having the qualities of an entrepreneur, such as taking risks and managing businesses.

**Acumen** (प्रवीणता) means keen insight or the ability to make good judgments.

**Peers** (समान स्तर के लोग) refers to people who are equal in terms of status, rank, or ability.

**Business** (व्यवसाय) refers to commercial activities or trade.

**65.(1)** **Purview** (क्षेत्राधिकार) refers to the scope or range of authority, responsibility, or understanding, defines the area or field where something is applicable or relevant. Similarly, **Domain** (क्षेत्र) means a specific area of knowledge, activity, or responsibility.

**Depth** (गहराई) refers to the extent or complexity of something.

**Extreme** (अत्यधिक)means the highest or furthest degree of something.

**Limitation** (सीमा) refers to a restriction or boundary.

**66. (2)** No error

My cousin's watch is" properly identifies the subject and uses the verb "is" and **"more"** is correct form of a comparative degree of the adjective **"elegant."**

**67.(2)** If + simple present , will + vase form of the verb

**If it rains** (if clause), **I will take an umbrella** (main clause).

**68.(1)** **Take** (लेना) means to grasp or consume something.

"Take a bite" (एक निवाला लो) is a common phrase used when asking someone to try food and share their opinion.

**Make** (बनाना) refers to creating or producing something

**Keep** (रखना) means to hold or retain something

**Gain** (प्राप्त करना) means to acquire something

**69.(2)** The correct past tense form of "lead" is **"led"** (जाना), which means to guide or direct someone. Thus, the sentence should be "The rabbit **led** the boy towards the outskirts of the city.

**70.(1)** **Number** (संख्या) refers to how many people or things there are, and since "elderly people" are countable, "a large number of elderly people" is correct.

**Quantity** (मात्रा) is used for uncountable things, like substances or materials, not for countable nouns like people.

**Value** (मूल्य) refers to worth, which doesn't make sense in this context.

**Capacity** (क्षमता) refers to the maximum amount that something can contain

**71. (4) See eye to eye** means to agree with someone or have the same point of view (किसी के साथ एक जैसा मत रखना या सहमत होना).

**72. (1) No improvement.**

The original sentence **"I can make fresh coffee if you'd like some."** is grammatically correct.

**"Can make"** is the proper present tense form to express ability.

**"Fresh"** is the appropriate adjective to describe the coffee, indicating that it is newly made.

**73. (2)** Intangible cultural heritage cuts across political, historical, community and cultural spheres.

- "Political" (राजनीतिक) is spelled correctly.
- "Historical" (ऐतिहासिक) is correct.
- "Community" (समुदाय) is correctly spelled.
- "Cultural" (संस्कृतिक) is also spelled correctly.

**74. (4) Begged** (भीख मांगना) means to request something earnestly or desperately, which can convey a stronger emotional plea for pardon. In this sentence, it suggests that the person feels a significant need for forgiveness

**Asked** (पूछा) means to request something

**Said** (कहा) is a general term for speaking

**Adjured** (दृढ़ता से आग्रह करना) means to urge or request earnestly

**75. (4) Pull a fast one** (धोखा देना) is used when someone takes advantage of another person through cunning or dishonest means.

**76. (1) Consume** (उपभोग) means to eat or use up, which fits perfectly in the context of lions eating meat.

**Abduct** (अपहरण) means to take away by force

**Churn** (चक्की) means to agitate or stir

**Tolerate** (सहना) means to endure something

**77. (3) Opportunity** (अवसर) fits well here, as it implies a chance for lions to prey on larger mammals when it arises.

**Condition** (स्थिति) refers to a specific state or situation but

**Capacity** (क्षमता) means the ability to do something

**State** (राज्य) refers to a specific condition

**78. (1) Such** (ऐसी) is used to refer to something previously mentioned or similar, which fits well in the context of larger mammals.

**Like** (जैसे) is used for comparisons

**79. (3) While** (जबकि) is used to contrast two statements, making it suitable here as it compares the meat consumption of male and female lions.

**Yet** (फिर भी) implies a contradiction

**As** (जैसा) indicates similarity or reason

**Rather** (इसके बजाय) implies preference

**80. (2) Capable** (सक्षम) means having the ability to do something, which fits perfectly here as it indicates lions can consume a significant amount of food in one meal.

**Veteran** (निपुण) refers to someone with a lot of experience

**Trained** (प्रशिक्षित) means having been taught skills

**Susceptible** (संवेदनशील) means likely to be affected by something

## PART (D) : हिन्दी

**61. (1)** 'नियाति' के अन्य पर्यायावाची शब्द भाग्य, प्रारब्ध, विधि, भावी, दैव्य इत्यादि हैं।

**62. (2)** 'अकेला चना भाड़ नही फोड़ सकता' लोकोक्ति का सही अर्थ है। अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता।

**63. (3)**

**64. (4)** श्यामू नाटा है। शुद्ध वाक्य है।

**65. (1)** 'गोत्र' तत्सम शब्द जिसका तद्भव 'गोत' है। उसी प्रकार गर्दभ, गधे का, गृह, घर का तथा गौ, गाय का तत्सम है।

**66. (1)** 'अनेक' शब्द अपने-आप में बहुवचन के लिए प्रयोग होता है इसलिए यहाँ अनेको शब्द गलत है।

**67. (3)** विकल्प (3) सही है क्योंकि इसमे कोई नुक्ता नही लगा है।

**68. (4)** तुम्हारे ठीक होने की खबर मुझे बहुत देर से मिली।

**69. (4)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| सामान्य | - | असामान्य |
| कलकल | - | शांत |
| ढीला | - | चुस्त |
| शिष्ट | - | अशिष्ट |

**70. (2)** 'गप्पे' लड़ाना मुहावरे का अर्थ है-बेकार की बातें करना या इधर उधर कि बातें करना।

**71. (1)** सांत्वना, तसल्ली, ढ़ाढ़स, आश्वासन, धैर्य इत्यादि 'दिलासा' के समानार्थी हैं।

**72. (3)** विकल्प (3) शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्पों के शुद्ध रुप निम्नलिखित है-

(1) मैं आयकर विभाग में काम करती हुँ।
(2) इन्हें यह सूचना दो घण्टे बाद मिली।
(4) बुरे समय को जाते देर नहीं लगती।

**73. (2)**

**74. (1)** 'माफ करने योग्य नहीं' होने के लिए एक शब्द है- अक्षम्य।

**75. (1)** 'चेहरे पर हवाइयां उड़ना' मुहावरे का अर्थ है- घबरा जाना।